सम्मेलन के पूर्व आयोजित नागरिक जमात की परामर्श बैठक में उन्होंने आगे कहा कि वारसा सम्मेलन में ऐसे प्रयास किए जाएंगे ताकि अगले दौर की राह सुगम हो सके। बियाटा ने आगे कहा कि पोलैंड, पेरू और फ्रांस के साथ मिलकर 'तिकड़ी नजरिए' पर काम कर रहा है ताकि मार्च 2015 के पहले एक मसविदा–करार तैयार हो सके और पेरिस सम्मेलन से पहले किसी नतीजे पर पहुंच सकें।

नागरिक जमात की आशंकाओं को दूर करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि वारसा में जलवायु परिवर्तन पर पहले हुए करार को नए सिरे से तैयार करने का इरादा नहीं है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सम्मेलन में हमारा जोर अनुकूलन और जलवायु–वित्त प्रबंधन पर रहेगा। हालांकि हम मानते हैं कि क्रियान्वयन के सभी उपाय समान रूप से अहम हैं और वारसा में हम सभी पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

गौरतलब है कि कॉप (कान्फ्रेंस ऑफ पार्टीज) का आयोजन वारसा में 11 से 23 नवंबर तक होगा। सम्मेलन के पहले सलाह मशविरे के लिए नई दिल्ली में इस बैठक का आयोजन बियांड कोपेनहेगन ने एमआईएसईआरईओओर (मिसरिओर) और ऑक्सफेम इंडिया के सहयोग से किया था। बैठक में चीन, ऑस्ट्रेलिया, नावें, मैक्सिको के प्रतिनिधियों ने भी आगामी सम्मेलन के प्रति अपनी उम्मीदें साझा कीं।

इससे पहले नागरिक जमात के विभिन्न संगठनों ने कॉप–19 को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। चर्चा के बीच नागरिक जमात ने मांग की पर्यावरण संतुलन के लिए स्पष्ट और समानता पर आधारित रूपरेखा तैयार की जाए। ऑक्सफेम इंडिया की वनिता सुनेजा ने कहा जलवायु–फाइनेंस (वित्त प्रबंधन) को लेकर मौजूदा असमानता चिंताजनक है। इससे भारत जैसे विकासशील देशों का चिंतित होना लाजिमी है। साउथ एशियन डायलॉग्स ऑन इकोलाजिकल डेमोक्रेसी (साडेड) के विजय प्रताप ने कहा कि जलवायु विज्ञान की मांग है कि लोगों की तकलीफों को दूर करने के लिए तेजी से प्रयास किए जाएं। सीएसई के चंद्रभूषण का कहना था कि इसी सदी के अंत तक धरती का ताप दो डिग्री सेल्सियम कम करने के लिए उत्सर्जन की मात्रा घटाने के प्रयास किए जाएं। सीएएनए के संजय वशिष्ठ ने कहा कि वारसा सम्मेलन में गीगाटन की असमानता को खत्म किया जाए और जलवायु वित्त प्रबंधन के लिए स्पष्ट प्रतिबद्धताएं दिखाई जाएं। बैठक में अपनी बात रखते हुए शरद जोशी और मनीष श्रीवास्तव ने वारसा सम्मेलन की कामयाबी के लिए उपाय सुझाए।

बियांड कोपेनहेगन की ओर से सौम्या दत्ता ने कहा कि पहले की बैठकों में वित्त का मामला उठता रहा है, वारसा सम्मेलन में बिना देरी के इस मसले पर गौर होना चाहिए। पैरवी (पीएआइआरवीआइ) के अजय झा ने कहा कि हाल में आई विभिन्न रपटों में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों की ओर संकेत किया गया है। उत्सर्जन घटाव, अनुकूलन और क्रियान्वयन के सभी उपायों पर विचार करने के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास की दरकार है।

इस बैठक में नागरिक जामत, मीडिया, दूतावासों, उच्चायोगों से जुड़े सौ प्रतिनिधियों ने शिरकत की।

पर्व और प्रदूषण

हर साल सरकारें दिवाली पर पटाखे कम से कम चलाने की अपील करती हैं। मगर यह गुज़ारिश बेअसर ही साबित होती है। हर बार दिवाली के दिन शोर पिछली बार से कुछ बढ़ा हुआ होता है और अगले दिन धुएं की परत अधिक मापी जाती है। पटाखे जलाते हुए घायल होने वालों और आग लगने से संपत्ति के नुकसान का आंकड़ा भी बढ़ा नजर आता है। पटाखे फोड़ने से ध्वनि और वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ने के आंकड़ें महानगरों में अधिक दर्ज होते हैं, जबकि माना जाता है कि वहां सबसे शिक्षित और जागरूक लोग रहते हैं। जन–जागरूकता अभियानों और आतिशबाजी संबंधी नियम–कायदे बनाने, सख्ती आदि के बावजूद इस प्रवृत्ति पर रोक नहीं लग पा रही तो इसे क्या कहें। इस दिवाली पर दिल्ली और गुड़गांव, फरीदाबाद, गाजियाबाद, नोएडा आदि इसके पड़ोसी शहरों में फोड़े गए पटाखों की वजह से पिछले साल की तुलना में धुएं की परत अधिक गाढ़ी हो गई। नतीजतन अगले दिन से दिल्ली के आसमान में धुंध छा गई। ध्वनि का स्तर सत्तर से लेकर बयासी डेसिबल तक दर्ज हुआ, जबकि सामान्य दिनों में यह पचपन–छप्पन डेसिबल रहता है। ऐसे में दिल और सांस के मरीजों की हालत का अंदाजा लगाया जा सकता है। आतिशबाजी में दो सौ छियासठ जगहों पर आग लगी, करीब ढाई सौ लोग जख्मी हुए और दर्जनों गाड़ियाँ जल कर खाक हो गई। उत्सव में उमंग स्वाभाविक है, पर यह ऐसा नहीं होना चाहिए जिससे लोगों की सेहत पर बुरा असर पड़े, जान–माल का नुकसान हो।

यों भी दिल्ली और आसपास के शहरों में वाहनों की बढ़ती तादाद के चलते वायु और ध्वनि प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित करना चुनौती बना हुआ हैं। उसमें आतिशबाजी के चलते इसमें और बढ़ोतरी कई परेशानियों की वजह बनती है। पिछले कुछ सालों से देखा गया है कि सर्दी और गर्मी का मौसम शुरू होते वक्त धूलकण पृथ्वी की सतह के करीब जमा हो जाते हैं, जिससे कई दिनों तक धुंध का वातावरण बना रहता है। इससे न सिर्फ दमा के रोगियों की तकलीफ बढ जाती है, कई ऐसे विषाणु भी पैदा होते हैं जो खांसी, जुकाम, बुखार आदि का सबब बनते हैं। किसी भी त्योहार का मतलब सौहार्द बढ़ाना, पुरानी जड़ताओं को दूर कर नए उल्लास और संकल्प के साथ जीवन को गति देना होता है। आतिशबाजी का प्रदर्शन ही उल्लास का पर्याय क्यों होना चाहिए? अब तो दिल्ली के अलावा पटाखे छोड़ने के कई और मौके भी हो गए हैं। मसलन, किसी क्रिकेट मैच में भारतीय टीम की जीत पर खुशी का इजहार करने के लिए खूब पटाखे छोड़े जाते हैं। यों रात दस बजे के बाद पटाखे नहीं छोड़े जाने चाहिए। यह नियम दिवाली पर भी लागू है। पर आधी रात तक या उसके बाद भी पटाखों का बेतहाशा सिलसिला चलता रहता है। आतिशबाजी की कोई सीमा नहीं रह गई है तो इसका एक कारण यह है कि जीवन के हर अवसर पर प्रदर्शनप्रियता बढ़ी है। पटाखों के निर्माण और बिक्री आदि को लेकर नियम–कायदे बने हुए हैं, सर्वोच्च न्यायालय भी कुछ मौकों पर निर्देश दे चुका है। मगर हर दिवाली पर चोरी–छिपे पटाखे बनाने–बेचने का कारोबार बड़े पैमाने पर होता है। इसके चलते पटाखे बनाने वाले कारखानों में आग लगने और कई लोगों के झुलस जाने, जान गंवा देने की घटनाएं होती हैं। लोगों को सोचना होगा कि पर्यावरण को साफ–सुथरा बनाने में सरकार के साथ–साथ उनकी भी जिम्मेदारी अहम है। जब ज्यादातर त्योहार आतिशबाजी के बगैर उल्लास से मनाए जाते हैं, तो दिवाली पर संयम क्यों नहीं बरता जा सकता।

6. निम्नलिखित का सारानुवाद एक तिहाई शब्दों में कीजिए। **10**

NOT FOR SALE

A dense, white material, ivory comes from the tusks and teeth of animals such as the elephant, walrus, hippopotamus, pig and sperm whale, Among these, elephants have

been hunted the most as their tusks are made up of ivory. In 2012 alone, 35,000 African elephants were poached for their tusks. The elephant's ancestor, the mammoth, was also prized for its giant tusks with parcels of Siberian mammoth ivory weighing 10 to 20 tonnes being common in the ivory markets of the 1890s.

Consisting of dentine, a tissue that is similar to bone, ivory is fibrous and easy to carve. It is also a durable material – if not exposed to high temperatures or humidity. Its durability and ability to survive over time makes ivory a coveted item that has driven its sales in the black market, causing the death of over 60 per cent of forest elephants in the last decade.

Today ivory is mostly extracted from elephants in Africa and Asia. This ivory extracted from elephants in West Africa has been found to be harder, while ivory from East African elephants is softer, more white and easier to carve. The tusks of an African elephant are on an average 6-6 ft in length and weigh about 23 kg. Tusks from the Asian elephant or Elephas Maximus are comparatively smaller, usually five feet in length and 16 kg in weight. The demand for ivory, both legal and on the black market is the single greatest threat to African elephants. In India, even though the elephant is venerated and is seen as a symbol of friendship, it is hunted for its tusks. While habitat loss and train accidents were seen as threats in India, poaching remains the major cause of death of wild elephants. The Wildlife Protection Society of India (WPSI), recorded the loss of over 121 elephants due to poaching between 2008 and 2011. During the period, WPSI records show 781 kg of ivory, 69 tusks, 99 pieces of ivory carvings and 75 ivory bangles were seized from across the country.

The Ban

The international trade in elephant ivory has been banned since 1989. The ban was approved by CITES (Convention on International Trade in Endangered Species) that also allowed two legal sales of ivory in 1999 and 2008. Despite these efforts large quantitites of ivory continue to move illegally from Africa to Asia, which has emerged as the largest market for ivory. Since January 2011, more than 30 tonnes of ivory in large consignments have been seized. This number represents the poaching of over 3,000 elephants. A market for ivory flourishes in China and Japan and is the driving force of the global illegal ivory trade as well as the poaching that constitutes it. Other south east Asian countries such as Malaysia, Vietnam and Thailand are also believed to contribute significantly to the illegal ivory trade, either as countries providing transit or providing easy entry of ivory into a so-called 'legal' market by way of loopholes.

The reality today is that the level of poaching and illegal trade in ivory is spiralling out of control. The price of ivory on the black market remains high as does its demand in south east Asian markets. In July 2012, CITES recognized that elephant poaching had reached 'unsustainable' levels, not only in small unprotected populations but also among larger populations traditionally regarded as safe.

पी.जी.डी.टी–04
प्रशासनिक अनुवाद
सत्रीय कार्य

कार्यक्रम कोड : पी.जी.डी.टी.
पाठ्यक्रम कोड : पीजीडीटी–04
सत्रीय कार्य कोड: पीजीडीटी–04/एएसटी–01(टीएमए)/2014

अधिकतम अंक : 100

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

(खंड 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7 पर आधारित)

1. भाषिक प्रयुक्ति से आप क्या समझते हैं। हिंदी की विभिन्न प्रयुक्तियों का परिचय दीजिए। 10

2. निम्नलिखित शब्दों/अभिव्यक्तियों के हिन्दी पर्याय बताइए: 5X2=10

क)

Comprehension test, snowball effect, photo-synthesis, ex-stock price, bi-lateral agreement, initial pay, stopgap arrangement, source language, steering committee, habeas corpus.

ख)

i. According to rules in vogue
ii. Justification for the proposal
iii. During the course of action
iv. Discrepency may be reconciled
v. As the circumastances may require
vi. Case is resubmitted as directed on the pre-page
vii. Concurrence of the ministry has been sought
viii. Relevant papers may be provided
ix. Approval as per remarks in the margin
x. Due performance of the agreement

3. हिन्दी में अनुवाद कीजिए: 10X5=50

(क) **Mumbai**: bottled water major Bisleri International is making a foray into Bangladesh to expand its reach, and this will be the company's first overseas expansion since this Italian brand was acquired in 1966.

"We are in the midst of starting a plant at Dhaka in Bangladesh. That is yet to start. This will be the first time that Bisleri will venture outside India," Chairman, Bisleri International, told *The Hindu*.

The timing of the opening of this factory is not known. It requires an investment of Rs. 40 to Rs. 45 crore to set up a bottled water plant, including the building.

As whether Bisleri would be interested to explore the Gulf market, the Chairman answered in the negative. "We don't have any plans for the Gulf market, which is very

developed (in terms of bottled water business) and we will be 50th player to be there. It will be very difficult to build the brand. So, we will concentrate on the domestic market, where Bisleri is the category leader," he said.

He said Bisleri had 60 percent market share in the organized bottled water segment, and would grow 30 per cent year after year. The company is now eyeing a turnover of Rs. 1,000 crore in 2004-15. After being acquired for 4 lakh in 1966, the Bisleri brand remained dormant till 1995 when the Chauhans of Parle Group sold their soft drink brands Thums Up, Limca, Gold Spot and Maaza to Coca Cola for $60 million.

"Fortunately, Bisleri was not sold off in the deal. After existing the soft drink business, I fully concerntrated on Bisleri and now here we are being the first mover, Bisleri has become the generic name of bottled water," the Chairman said.

Currently, Bisleri has 52 plants around the country and plans to add one plant every month. "This is how we want to bring down the cost. The transportation cost is murderous," he said. Meanwhile, they are also popularizing Vedica a premium water brand from Bisleri. "We started Vedica three years ago. It is pure spring water from the Himalayas. It will take some time for people to understand the value of natural spring water, and we are targeting premium outlets to sell this brand," the Chairman added.

(ख) **New Delhi** : In view of the assembly elections on December 4, the Delhi Police have launched an awareness drive for their personnel to get enrolled on the voters' list.

"All police stations and officers concerned have been told to spread awareness among the policemen living in government or private accommodations falling under their jurisdictions to get enrolled in the voters' list. The exercise is being carried out on a war footing, with an objective to ensure that the maximum number of those living in the Capital come forward to exercise their franchise in the Assembly elections," said an officer.

Although special camps have been set up, Policemen are also being encouraged to apply for a Voter Identity Card through the Election Commission of India (ECI) website.

The Policemen, who will be a part of the security arrangements for the elections, will cast their votes through postal ballots.

"The date for submission of postal ballots is yet to be intimated to us. However, usually postal ballots are received at special facilitation centres a couple of days before the scheduled election date. We have been asked to collect copies of the voter identity cards/numbers of those living in different parts of the city for the central database," said the officer.

This time round, the police personnel on election duty will be handed over postal ballot forms along with their duty slips. "Our job will be to provide facilities to the policemen who want to cast their votes," said another officer.

The ECI had in August last year issued fresh guidelines for smooth management of postal ballots for police officers on poll duty. All State Chief Electoral Officers were directed to collect information form the Superintendent of Police concerned on the

Assembly constituencies and polling stations where police officers were enrolled, as well as their electoral roll serial numbers.

The information, including residential addresses, was to be entered in the police officers' duty database.

According to the ECI, the voters entitled to postal ballots include members of the armed forces, government officials posted abroad and those on election duty.

(ग) (I) SUCCESS OF NATION DEPENDS ON HOW IT USES ITS RESOURCES, SAYS PRESIDENT

New Delhi : Unless a country understands and adjusts itself to the changes that are taking place around it, its own security will be seriously endangered, especially in the face of power relationships that are constantly changing said President Pranab Mukherjee on Monday.

Addressing members of the 53rd batch of National Defence College at Rashtrapati Bhavan here, the President said global environment poses numerous challenges to world leaders and policy makers because of its dynamic nature. "Security today has many dimensions as it encompasses economic, energy, food, health, environmental and other factors. Intensive research and quality analysis in all the fields and discipline are thus pre requisites which call for a holistic approach to studies across the vast spectrum of disciplines," he said.

Mr. Mukherjee said the success of any nation depends on how effectively it harnesses all the available resources of its disposal, including human resource. He said owing to a premium on natural and man-made resources, there will be intense competititon among the nations to take control of these resources.

(II) AJMER DURONTO TO BECOME JAN SHATABDI

New Delhi : Owing to low occupancy, the Railways has decided to convert the Ajmer-Nizamuddin Duronto Express as a Jan Shatabdi super fast express train with few additional stoppages.

The Ajmer-Nizamuddin Jan Shatabdi train will depart from Ajmer at 5.45 am to reach Nizamuddin station at 12.45 p.m. the same day, according to the new schedule which will be effective from November, 22.

In the return direction the train will depart from Nizamuddin station at 3.05 p.m. to reach Ajmer at 9.55 p.m. the same day.

Since the Duronto train does not have stoppages in between Ajmer and Nizamuddin, the occupancy rate was low and there was demand for stoppages in the route, said a senior Railway Ministry official.-PTI.

(घ)

Office of The Commandant
Field Supply Depot, Army Service Corps
Badami Bagh Cantt, Srinagar

Quotation

Sealed quotations are invited by Field Supply Depot Army Service Corps (ASC), Badami Bagh Cantt, Srinagar from authorized dealers/suppliers for items mentioned below. The quotations must reach this office on dates mentioned below. The quotations will be submitted alongwith sealed samples drawn by the Board of Officers of the same lot as per defence food specifications. The Defence Food Specification can be collected from this Office Security deposit upto 5% per item as per value & DPM-2009 will also be deposited by the dealer/suppliers. The quotations will be opened by the Board of Officers & IFA representative on the same day after 1200 hrs in presence of vendors/representative of firms. The rates quoted should be complete in all respects inclusive of VAT/carriage and delivery at the depot. Any cutting/overwriting may lead to disqualification of the quotation.

S.No.	Items	Quotations must reach this office on
1.	Cheese Td/Spread/Slice/Cube	04 November, 2013 to 31 December, 2013 by 1200 hrs including holidays, Saturday & Sunday (quotation for Saturday, Sunday & Holiday will be on Friday or previous working day).
2.	Almond Giri	
3.	Raisin Brown	
4.	Cashew Kernel	

Commandant, Field Supply Depot, Army Service Corps, Srinagar reserve the right to place the demand to successful supplier for the actual quantity and items required. No claims for compensation will be entertained in case the demand is not placed at all. The items will not be accepted in case the quality of items are not as per Defence Food Specification or supply is delayed. In such case, security deposit will be forfeited and tendering firm will be blacklisted.

Note: Tender action will not be carried out as and when items received from Central Resources or on orders of higher headquarters or in the interest of the organization for which no prior notice will be given and no claims entertained. For any queries regarding LP, office of Commandant, FSD may please be contacted.

Commandant
Field Supply Depot, ASC, Srinagar

(ङ.)

i. It was decided to offer the post of ..... to Shri/Smt./Km. ..... He/She has accepted the offer and reported for duty today in the afternoon. He/She has also produced a relieving order from his/her previous employer. Order regarding his/her posting is put up for approval.

ii. It has been decided that the following transfers and posting will take effect immediately.

iii. With reference to memorandum mentioned above, Shri/Smt./Km. ....., on his/her reversion from the post of General Manager,

Chandigarh Unit, joined as Project Manager in Head Office on ..... (date). He is posted in the Project Division. He/She will report to C.M.D. directly until further orders.

iv. Your appointment will be on probation till ..... but the Corporation may, in its sole discretion, grant extension or extensions in your probationary period. The total probationary period including the extended period shall not exceed 24 months from the commencement of appointment.

v. As full and complete remunerations for all your services you will be paid during the period of probation the following remuneration.

vi. You shall be required to contribute to the provident fund from the date of your confirmation in accordance with the rules of the Corporation.

vii. We shall be considering your case for confirmation on ..... on the basis of the work done during the period from ..... to ..... after checking up your work, to see if it is upto the required standard and to our satisfaction.

viii. In the event of the existing house property or flat the name of the Insurance Company with which the property is insured, policy number, the amount of insurance and other details should be furnished.

ix. This has reference to order No..... dated ..... Conveying sanction for the grant of House building Advance of Rs. ..... to you for the purchase DDA Flat at New Delhi. In this connection, this is to inform you that the loan has been fully disbursed to you and you have taken possession of the house. Hence you are requested to see the undersigned to complete mortgage formalities as per exising HBA Rules to create security against the loan amount.

4. **अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए:** 10X3=30

(क) दिल्ली मे पिछले साल एक मेडिकल की छात्रा के साथ हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना के बाद देश भर में जो आक्रोश पैदा हुआ और शासन के स्तर पर जो सक्रियता दिखी, उससे ऐसे अपराधों पर लगाम लगने की उम्मीद बनी थी। लेकिन उसके बाद पिछले दस महीनों के दौरान महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के जितने मामले सामने आए हैं उनसे यही लगता है कि इस दिशा में जो उपाय किए जाने थे, नहीं किए गए। यह तथ्य आम आदमी पार्टी के कार्यकर्त्ताओं पर लाठी चार्ज के मसले को लेकर दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान खुद दिल्ली पुलिस ने सर्वोच्च न्यायालय के सामने रखा कि जनवरी से लेकर अब तक महिलाओं के विरुद्ध होने वाले सभी तरह के अपराधों में सत्तर फीसदी से ऊपर बढोतरी हुई है। गौर तलब है कि यह वही दौर है जब सरकार या पुलिस के स्तर पर लगातार दावा किया जाता रहा कि महिलाओं की सुरक्षा के मामले पर सख्त मानदंड अपनाए गए हैं। समाज के आधुनिक होते जाने की दलील दी जाती रही है लेकिन सच यह है कि महिलाओं के विरुद्ध अपराध पिछले पाँच सालों में ज्यादा तेज गति से बढ़े हैं। स्त्री को लेकर समाज में मौजूद जड़ प्रवृत्तियों और पितृसत्तात्मक पूर्वग्रहों से निपटने के लिए लैंगिक समानता पर आधारित व्यापक सांस्कृतिक नीति के बिना ऐसे अपराधों से पार पाना मुश्किल बना रहेगा।

(ख) नौसेना प्रमुख करेंगे कर्मचारियों के खिलाफ मामलों की सुनवाई

मुंबई, 5 नवंबर (भाषा)। बंबई हाई कोर्ट ने आदेश दिया है कि सेवा में रहने के दौरान नौसेना के किसी कर्मचारी के खिलाफ उत्पीड़न के आरोपों की सुनवाई और कोर्ट मार्शल की कार्यवाही फौजदारी अदालत नहीं बल्कि नौसेना कमांडर–इन–चीफ करेंगे।

न्यायमूर्ति साधना जाधव ने केंद्र सरकार की ओर से आइएनएस तूणीर के कमांडिंग अधिकारी के आवेदन की सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। आवेदन में अधिकारी ने अपने एक कर्मचारी नरेंद्र

उमेद सिंह दादू का मामला और उसके कोर्ट मार्शल की कार्यवाही अपने हाथ में लेने का अनुरोध किया था। इस कर्मचारी पर एक महिला का शीलभंग करने और उस पर ज्यादती करने का आरोप है। इस आवेदन में उरान की मजिस्ट्रेट अदालत के 27 मई, 2013 के फैसले को चुनौती दी गई थी। इस आदेश में अदालत ने नरेंद्र के खिलाफ दर्ज मामले को अलीबाग सत्र अदालत को सौंपने के साथ ही केंद्र का अनुरोध खारिज कर दिया था। केंद्र ने अपनी याचिका में नरेंद्र का कोर्ट मार्शल करने के लिए उसका मामला अपने हाथ में लेने की अनुमति माँगी थी।

आरोप है कि नरेंद्र और उसके दोस्तों ने इस साल 18 और 20 मार्च को आइएनएस तूणीर में कार्यरत सिद्धार्थ पुनाजी गजभिए की बेटियों पर अभद्र फब्तियां कसी थीं। नरेंद्र के खिलाफ आइपीसी की धारा 354 और 509 के तहत पुलिस में मामला दर्ज किया गया था। 25 मार्च को उसे गिरफ्तार कर लिया गया। केंद्र सरकार ने गत एक अप्रैल को मजिस्ट्रेट के समक्ष आवेदन दाखिल कर मामले में नौसेना अधिनियम के तहत मुकदमा चलाने की मांग की थी। मजिस्ट्रेट ने आवेदन खारिज कर दिया।

उनका मानना था कि नरेंद्र 'अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार रोकथाम) अधिनियम' और 'बच्चों के यौन अपराध से संरक्षण अधिनियम' के प्रावधानों के तहत दंडनीय अपराधों का आरोपी है जिस पर विशेष रूप से सत्र अदालत में मुकदमा चलना चाहिए।

इस फैसले के खिलाफ केंद्र सरकार ने हाई कोर्ट में गुहार लगाई। हाई कोर्ट ने आवेदन को मंजूर करते हुए कहा कि आरोपी ने सेवा में रहने के दौरान अपराध को अंजाम दिया और वह कमांडर की निगरानी में था इसलिए कमांडर–इन–चीफ मामले पर सुनवाई करेंगे।

(ग) एक मैदान पर सर्वाधिक मैच खेलने का रेकार्ड बनाएंगे सचिन

नई दिल्ली, 5 नवंबर (भाषा)। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने की घोषणा पर चुके सचिन तेंदुलकर बुधवार को जब कोलकाता के ईडन गार्डन पर अपना 199वां टेस्ट मैच खेलने के लिए उतरेंगे तो उनके नाम पर किसी एक मैदान पर सर्वाधिक मैच खेलने का नया भारतीय रेकार्ड दर्ज हो जाएगा।

तेंदुलकर वेस्ट इंडीज के खिलाफ मुंबई में अपना 200वां टैस्ट मैच खेलकर संन्यास ले लेंगे। उन्होंने ईडन गार्डन पर अब तक 12 टैस्ट मैच खेले हैं जिनमें 47.88 की औसत से 862 रन बनाए हैं। ईडन पर सर्वाधिक मैच खेलने का रेकार्ड तेंदुलकर के ही नाम पर है। लेकिन जहां तक किसी एक मैदान पर सर्वाधिक मैच खेलने का सवाल है तो वह यह रेकार्ड संयुक्त रूप से सुनील गावसकर और तेंदुलकर के नाम पर है। गावस्कर ने चेन्नई के एमएम चिदंबरम स्टेडियम चेपक में 12 मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 1018 रन बनाए हैं। इस तरह से ईडन पर तेंदुलकर अपना 13वां टैस्ट मेच खेलेंगे जो नया भारतीय रेकार्ड होगा। यह स्टार बल्लेबाज हालांकि विश्व रेकार्ड से काफी पीछे है जो श्रीलंका के माहेला जयवर्धने के नाम पर है। जयवर्धने कोलंबो सिंहलीज स्पोर्ट्स क्लाब ग्राउंड पर 25 मैच खेल चुके हैं। श्रीलंका के महान स्पिनर मुथैया मुरलीधरन ने इस मैदान पर 24 मैच खेले हैं।

ईडन गार्डन के बाद तेंदुलकर ने मोहाली के पीसीए स्टेडियम में 11मैच खेले हैं। इसमें अब वानखेड़े स्टेडियम का नाम भी जुड़ गया है। तेंदुलकर अब तक दस मैच खेल चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने दिल्ली के फिरोजशाह कोटला और चेन्नई के चेपक स्टेडियम में भी दस–दस मैच खेले हैं। विश्व भर में 59 मैदानों पर टैस्ट मैच खेल चुके तेंदुलकर ने बंगलूर के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम और अहमदाबाद में सरदार पटेल स्टेडियम मोटेरा में नौ–नौ जबकि नागपुर के वीसीए स्टेडियम में छह टैस्ट मैच खेले हैं। विदेशी मैदानों का जिक्र करें तो यह दिग्गज बल्लेबाज क्रिकेट के मक्का लार्ड्स, मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड, सिडनी क्रिकेट ग्राउंड एडिलेड ओवल और सिंहलीज

स्पोर्ट्स ब्लब ग्राउंड, कोलंबों में पांच–पांच टैस्ट मैच खेल चुके हैं। तेंदुलकर हालांकि अभी तक किसी भी मैदान पर अपनी रन संख्या 1000 तक नहीं पहुंचा पाए हैं। उनके पास ईडन गार्डन और वानखेड़े में यह उपलब्धि हासिल करने का मौका रहेगा। ऐतिहासिक ईडन गार्डन पर 1000 या इससे अधिक रन बनाने वाला दूसरा बल्लेबाज बनने के लिए तेंदुलकर को केवल 138 रन की दरनकार है। वीवीएस लक्ष्मण ने ईडन पर दस मैचों में 1217 रन बनाए हैं जो कि किसी एक मैदान पर सर्वाधिक रन बनाने का भारतीय रेकार्ड है। तेंदुलकर ने ईडन पर दो शतक और छह अर्धशतक जमाए हैं। वे इस मैदान पर सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में लक्ष्मण और राहुल द्रविड़ (962 रन) के बाद तीसरे नंबर पर हैं।

तेंदुलकर को अपने घरेलू मैदान वानखेड़े स्टेडियम में 1000 टैस्ट रन पूरे करने के लिए केवल 153 रन चाहिए। इस मैदान पर यह स्टार बल्लेबाज 14 से 18 नवंबर के बीच अपना 2000वां टैस्ट मैच खेलेगा। तेंदुलकर ने वानखेड़े में अब तक दस टैस्ट मैचों की 18 पारियों में 47.05 की औसत से 847 रन बनाए हैं जिसमें एक शतक और सात अर्धशतक शामिल हैं।

वानखेड़ें पर सर्वाधिक रन बनाने का रेकार्ड मुंबई के अन्य लिटिल मास्टर गावसकर के नाम पर है। उन्होंने इस मैदान पर 11 मैचों से 1122 रन बनाए हैं। यदि तेंदुलकर ईडन और वानखेडे दोनों में 1000 रन बनाने में सफल रहते हैं तो वे दो मैदानों पर 1000 या इससे अधिक रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन जाएंगे। गावसकर ने चेन्नई के चेपक में भी 1000 रन का आंकड़ा पार किया है। रेकार्डों के बादशाह तेंदुलकर का किसी एक मैदान पर अब तक सबसे बेहतर रेकार्ड चेन्नई के चेपक स्टेडियम में है जहां उन्होंने दस मैचों में 88.18 की औसत से 970 रन बनाए हैं। इसमें पांच शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं।

चेपक के बाद बंगलूर के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम का नंबर आता है जिसमें तेंदुलकर ने नौ मैचों में 869 रन अपने नाम पर लिखवाए। ईडन गार्डन इस सूची में अभी तीसरे और वानखेडे चौथे स्थान पर है। आस्ट्रेलिया के सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर तेंदुलकर के बल्ले से केवल पांच टैस्ट मैचों में 785 रन निकले हैं जिसमें नाबाद 241 रन की ऐतिहासिक पारी भी शामिल है। उन्होंने दिल्ली के फिरोजशाह कोटला स्टेडियम में 759 रन, पीसीए मोहाली में 767 रन, कोलंबो के सिंहलीज स्पोर्ट्स कांपलेक्स में 698 रन, नागपुर के विदर्भ सीए मैदान पर 679 रन और अहमदाबाद के सरदार पटेल मोटेरा स्टेडियम पर 642 रन बनाए हैं।

* * * * *

SOTST-IGNOU/P.O. 2T February, 2014

Printed at : Akashdeep Printers, 20-Ansari Road, Darya Ganj, New Delhi-110002